तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 जुलाई 2026

11 आईएमए महासमुंद ब्रांच ने धूमधाम से मनाया ...





11 शेर में जन चौपाल लगाकर विधायक ...






## खबर संक्षेप



### महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** ग्राम मेदनीपुर की एक महिला को बकरी चराकर लौट रहे एक व्यक्ति ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी, मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 07 जुलाई को शाम 06 बजे मेदनीपुर गांव का बिहारी पटेल अपने 15-20 बकरी को चरा कर वापस गली से ला रहा था, तभी प्रमदा पटेल ने घर से बाहर निकलकर बकरी का सींग लग जाने की आशंका से अपने बेटे देवेश को घर के अंदर आने कहा। इसी बात पर आरोपी बिहारी पटेल महिला के साथ गाली गलौज करने लगा और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही डंडा लेकर दौड़ाने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त एक युवक गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से देशी प्लेन शराब का अवैध परिवहन करने वाले युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटर सायकल में महासमुंद से भलेसर की ओर अत्यधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर परिवहन कर रहा है। इसके बाद पुलिस टीम जय हिंद कालेज के सामने भलेसर रोड के पास पहुंची और आरोपी नारायण सोनी उर्फ टोका पिता राजू सोनी (22 वर्ष) निवासी वार्ड नं 25 स्वीपर कालोनी महासमुंद के कब्जे से 48 पौवा अवैध देशी प्लेन शेरा शराब कीमत 3840 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम लमकेनी से तोषगांव जा रहा एक व्यक्ति बाइक की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि छबिलाल यादव 7 जुलाई को अपनी बाइक सीजी 06 जीयू 1532 से ग्राम लमकेनी से तोषगांव जा रहा था, दोपहर करीब 01.30 बजे तोषगांव की ओर से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 3463 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए छबिलाल के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सींडेंट कर दिया जिससे उसके दाहिने पैर, दाहिने हाथ, चेहरे में चोट आई। घटना की रिपोर्ट बसना थाने में घायल छबिलाल की पत्नी सरिता यादव ने दर्ज कराई है, जिस पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### तुमगांव के च्वाइस सेंटर में चोरी

**महासमुंद।** तुमगांव के एक च्वाइस सेंटर में 45 हजार रुपए की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रिखीराम धीवर पिता हेमलाल धीवर का तुमगांव में च्वाइस सेंटर है, 07 जुलाई को सुबह 8.30 बजे जब वह दुकान पहुंचा उसने देखा दोनों शटर का लॉक टूटा हुआ था, और दुकान के गल्ले से लगभग 45,000 रुपए गायब थे, साथ ही सामान बिखरा पडा था। पुलिस ने बताया कि तुमगांव के बालाजी किराना स्टोर्स तथा संजू प्रोविजन स्टोर्स एवं इंडेन गैस के ऑफिस में भी चोरी किए जाने की सूचना मिली है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# बढ़े दाम के साथ इस माह से बिजली उपभोक्ताओं को लगेगा झटका

## उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट 30 से 50 पैसे तक करना होगा अधिक भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


बिजली उपभोक्ताओं को जुलाई माह की शुरूआत के साथ ही महंगी बिजली बिल अगस्त माह से मिलेगा। छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग द्वारा 1 जुलाई 2026 से नई बिजली दरें लागू कर दी गई हैं। नई दरों के अनुसार घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि सहित विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं को अब प्रति यूनिट 30 पैसे से 50 पैसे तक अधिक भुगतान करना होगा। बढ़ी हुई दरों से मासिक बिजली खर्च में इजाफा होगा, वहीं किसानों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। इसके साथ ही सरचार्ज में भी बदलाव किया गया है।

बता दें कि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक घरेलू उपयोग, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा कृषि कार्यों में बड़े पैमाने पर बिजली का उपयोग किया जाता है। ऐसे में नई दरों का सीधा असर जिले के लाखों उपभोक्ताओं की जेबों पर पड़ेगा। बिजली महंगी होने से घरेलू बजट प्रभावित होगा, वहीं कृषि लागत बढ़ने की भी संभावना है। नई दरें लागू होने के बाद उपभोक्ताओं में नाराजगी देखने मिल रही है। लोगों का कहना है कि पहले से बढ़ती महंगाई के बीच बिजली दरों में वृद्धि से आम परिवारों का मासिक खर्च और बढ़ जाएगा। छोटे व्यावसायियों और किसानों ने भी बिजली दरों में वृद्धि पर चिंता जताई है। आयोग द्वारा घोषित नए टैरिफ के अनुसार घरेलू बिजली में इस बार 30 से 50 पैसे तक की बढ़ोत्तरी की गई है, जबकि गत वर्ष मात्र 10 से 20 पैसे वृद्धि हुई थी। गैर घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। जबकि कृषि पंपों की दरें 40 पैसे प्रति यूनिट महंगी हुई है। किसानों को खेतों में लगे पंपों और खेतों की रखवाली के प्रयोजनार्थ पंप कनेक्शन के अंतर्गत पंप के समीप 100 वॉट के भार उपयोग की सुविधा लागू रहेगी।

गैर सब्सिडी वाले कृषि पंप कनेक्शनों को ऊर्जा प्रभार में दी जा रही छूट 30% से बढ़ाकर 40% कर दी गई है। बिजली बिल का अग्रिम भुगतान किए जाने पर 1.25 प्रतिशत छूट को घटाकर 0.75 प्रतिशत कर दिया गया है। यह सुविधा वितरण कंपनी से शत-प्रतिशत विद्युत प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं को ही प्रदान की जाएगी। दूसरी ओर, उपभोक्ता श्रेणी एलवी-1 व एलवी-2 के अंतर्गत जारी किए गए जाने वाले अस्थायी कनेक्शन पर लागू होने वाले सामान्य टैरिफ को 1.25 गुना से बढ़ाकर 1.5 गुना कर दिया गया है।

### सरचार्ज सिस्टम में भी बदलाव

बिजली बिल देर से जमा करने के लिए अब सरचार्ज सिस्टम में बदलाव किया गया है। आयोग द्वारा तय सिस्टम के अनुसार विलंब से भुगतान करने पर सरचार्ज 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह से बदलकर 0.04 प्रतिशत प्रतिदिन कर दिया गया है। प्री पेड मीटर वाले एलवी उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा प्रभार (एफपीपीएएस को छोड़कर) पर छूट 1.5 प्रतिशत से घटाकर 1 प्रतिशत कर दी गई है।



### घरेलू बिजली की वर्तमान दर

| श्रेणी | पुरानी दर | वर्तमान दर |
|---|---|---|
| 0-100 यूनिट | 4.10 रुपए | 4.40 रुपए |
| 101-200 यूनिट | 4.20 रुपए | 4.50 रुपए |
| 201-400 यूनिट | 5.60 रुपए | 6 रुपए |
| 401-600 यूनिट | 6.60 रुपए | 7 रुपए |
| 601 यूनिट से अधिक | 8.30 रुपए | 8.80 रुपए |

## बारिश: कोडार बांध 10 से बढ़कर 20.5 फीट भरा, खेतों में लौटी रौनक, तालाब-नदियां लबालब

# लगातार बारिश के चलते जलाशयों में जलस्तर हुआ सप्ताहभर में ही दोगुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आषाढ़ लगते ही शुरु हुई बारिश ने पूरे जिले में मानसून के इंतजार में हाथ पर हाथ धरे किसानों को सक्रिय कर दिया है। बीते सात दिनों में हुई घनघोर बारिश से जहां नदी नाले उफान पर हैं वहीं जलाशयों में भी जलस्तर सीधे दोगुना हो गया। नदियों में बहाव तेज हुआ तो एनीकट के खोलने के हालात आ गए और जिले सहित आसपास के पर्यटन स्थलों में सूखे पड़े झरने अचानक रमणीय स्थलों में बदल गए।



30 जून तक जहां जिले में सामान्य से 67 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई थी, वहीं 7 जुलाई तक वर्षा सामान्य से 19 प्रतिशत अधिक हो गई। किसानों के चेहरे पर भी उम्मीद की मुस्कान दिखाई देने लगी है। बारिश की इस तेज रफ्तार का सबसे बड़ा असर जिले के जलस्त्रोतों पर नजर आ रहा है। जिले का सबसे बड़ा कोडार बांध एक सप्ताह में ही 10 फीट से बढ़कर 20.5 फीट तक पहुंच गया है।

छोटे-बड़े जलाशय और ग्रामीण तालाब भी तेजी से भर रहे हैं। जिन नदियों और नालों में कुछ दिन पहले तक पानी नाममात्र था, वहां अब जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। कई स्थानों पर लोग परिवार के साथ बढ़े हुए जलस्तर को देखने भी पहुंच रहे हैं। सिरपुर के नजदीक स्थित घसकुड़ का झरना, पड़ोसी जिले के जतमई और घटारानी के जलप्रपात पूरे वेग से गिरने लगे। महानदी के एनीकटों को खोलने की स्थिति निर्मित हो गई।

### वैज्ञानिकों ने बताया बुआई के लिए अनुकूल समय

मौसम विभाग के अनुसार 30 जून तक जिले में केवल 58.3 मिमी औसत वर्षा हुई थी, लेकिन 8 जुलाई तक यह आंकड़ा बढ़कर 309.9 मिमी पहुंच गया। एक सप्ताह में 251 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है, जिससे उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग ने आने वाले सप्ताह में बारिश की तीव्रता कुछ कम रहने की संभावना जताई है, लेकिन 13 जुलाई तक यलो अलर्ट जारी है। द्रोणिका और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से जिले के कई हिस्सों में रुक-रुककर अच्छी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो वर्तमान मौसम खरीफ फसलों की बुआई के लिए अनुकूल है।

### पेयजल संकट से मिलेगी निजात

सिर्फ सात दिन पहले तक बारिश की कमी जिले की सबसे बड़ी चिंता थी। खेत सूखे थे, बांधों का जलस्तर लगातार घट रहा था और किसान मानसून का इंतजार कर रहे थे। जुलाई के पहले सप्ताह में हुई झमाझम बारिश ने पूरा परिदृश्य बदल दिया। कोडार बांध समेत अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। गांवों के तालाब भरने लगे हैं और लंबे समय बाद सूखी पड़ी नदियों में फिर से पानी बहने लगा है। बारिश ने पेयजल संकट की आशंका भी काफी हद तक कम कर दी है।

### खेतों में बढ़ी हलचल, बुआई ने पकड़ी रफ्तार

लगातार बारिश के बाद जिले के खेतों में कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं। धान की बुआई और रोपाई का काम गति पकड़ रहा है। जहां जरूरत से ज्यादा पानी भर गया है, वहां किसान निकासी की व्यवस्था भी कर रहे हैं। समय पर हुई बारिश ने अच्छी शुरुआत दी है, लेकिन फसल की बेहतर पैदावार के लिए पूरे जुलाई और अगस्त में नियमित वर्षा जरूरी होगी। कृषि विशेषज्ञ भी किसानों को मौसम का लाभ उठाकर समय पर सभी कृषि कार्य पूरा करने की सलाह दे रहे हैं। इस समय पर खेतों में पानी भरा है।

### बाइक चोरी के दो मामले

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत बाइक चोरी के दो मामलों में अज्ञात आरोपियो के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि खम्हारमुड़ा निवासी तुलेश कुमार 05 जुलाई को ग्राम रायतुम के साप्ताहिक बाजार में अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी-06-जीएक्स-9924 में सब्जी लेकर विक्रय करने के लिए गया था। सब्जी बेचने के बाद बिक्री रकम करीबन 10,000 रुपए को बाइक की डिग्गी में रखा और अपने घर जा रहा था। रात करीबन 08 बजे गगन मेडिकल स्टोर छिलपावन चौक ग्राम झलप में दवाई लेने के दौरान उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इसी तरह ग्राम तेंदूवाही में शादी कार्यक्रम के दौरान घर के सामने से एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बताया कि नंद कुमार निषाद अपनी बाइक सीजी-04-एचके-6740 को घर के सामने ही खड़ी किया था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। मामले में धारा 303(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# बाइक से गांजा परिवहन, तीन लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाइक से गांजा का अवैध परिवहन कर रहे तीन लोगों को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब तीन किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं सभी थाना चौकी को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश है। जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेंकिग की जा रही है। इसी दरमियान सूचना मिली कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचसी 7978 में 03 व्यक्ति ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ की ओर आ रहे है। इसके बाद नेशनल हाईवे 53 रेहटीखोल पहुंच कर नाकाबंदी की गई। पुलिस ने बाइक को रोककर उसमें बैठे लोगों से पूछताछ की जिस पर वाहन चालक ने अपना नाम सदानंद साहू पिता कौशल साहू (30 साल), बीच में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शनिदास वैरागी पिता नोहरदास वैरागी (19 साल) एवं पीछे बैठे व्यक्ति न अपना नाम रामदास साहू पिता हेमलाल साहू (28 साल) सभी निवासी नूनपानी थाना सरायपाली का होना बताए।



आरोपियों ने पूछताछ में मोटर सायकल के सीट के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा होना बताया और उक्त गांजा को फूलवानी ओडिशा से ग्राम नूनपानी बिक्री के लिए ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपियों क कब्जे से 2.930 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,46,500 रुपये और बाइक को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (बी) (दो)(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

# जब बेटियां महफूज ही नहीं, तो कैसे पढ़ेंगी और कैसे बढ़ेंगी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गंगानगर में एक 13 वर्षीय मासूम बालिका के साथ हुई रूह कंपा देने वाली और मानवता को शर्मसार करने वाली घटना के विरोध में आज पूरा इलाका सड़कों पर उतर आया। इस जघन्य अपराध के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराने राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में नेहरू चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक एक विशाल कैंडल मार्च निकाला गया। पीड़ित बेटी को इंसाफ दिलाने और महिला सुरक्षा की मांग को लेकर भारी संख्या में महिलाएं और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय समन्वयक राशि त्रिभुवन महिलांग ने कहा है कि जब देश में अपनी ही मासूम बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, तो 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के गगनभेदी नारे आखिर किसके लिए हैं? आज देश की बेटियां खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं, और शासन-प्रशासन की चुप्पी अपराधियों के हौसले बुलंद कर रही है।




### खोखले नारों के बीच सुलगते सवाल

कैंडल मार्च के दौरान जनसमुदाय को संबोधित करते हुए राशि त्रिभुवन महिलांग ने केंद्र की मोदी सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने सीधे शब्दों में कहा: ₹एक तरफ सरकारें बड़े-बड़े मंचों से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का ढिंढोरा पीटती हैं, और दूसरी तरफ उन्हीं मासूम बेटियों को सरेआम नोचा और बेचा जा रहा है। आखिर इन शर्मनाक और दिल दहला देने वाली घटनाओं की जवाबदेही कौन लेगा? कौन करेगा इन मासूम बच्चियों की हिफाजत?

### यह रहे मौजूद

इस दौरान नपा सभापति सूरज नायक, पार्षद राहुल आवड़े, सभापति ईश्वरी भोई, पार्षद जिन्तेंद्र ध्रुव, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, तबरेज(तब्बू), गंगा बाघ, संजय भोई, सलमान, मनीषा, कविता आदि मौजूद रहे।

**सिंचाई विभाग व प्रशासन से ग्रामीणों ने की जल्द मरम्मत कराने की मांग**

# खट्टी अपर जोंक कैनाल का पार ढहने से आवागमन हुआ पूरी तरह बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

बीते दिनों हुई लगातार भारी बारिश के चलते तेज बहाव के कारण बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ग्राम खट्टी स्थित अपर जोंक केनाल का पार ढह गया। नहर की पार टूटने से गुजरने वाला मुख्य रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे स्थानीय किसानों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।

वर्तमान में खेती-किसानी का सीजन अपने चरम पर है। ऐसे में खेतों तक पहुंचने का मुख्य मार्ग बंद हो जाने के कारण किसानों को खाद, बीज और कृषि उपकरण ले जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता पूरी तरह कट जाने के कारण खेती के पीक सीजन में रास्ता बंद होने से आवागमन करने में असुविधा हो रही है। यदि जल्द ही इसकी मरम्मत नहीं की गई, तो कृषि कार्य बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। बारिश की कहर से टूटी नहर के पार खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। किसानी कार्य ठप पड़ा है।



इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय किसानों मे रोशन तारक, बृजलाल यादव, बेदूप्रसाद पांडे, कौशिक तांडी, रजन यादव और प्रभावित किसानों ने सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल मौका मुआयना कर और युद्ध स्तर पर नहर की पार की मरम्मत कराकर आवागमन को बहाल करने की मांग की है।




## खबर संक्षेप

### सिंधी समाज ने एल्डरमैन पार्षद राजू का किया सम्मान

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी एवं छग शासन द्वारा वरिष्ठ नेता सिंधी समाज के राजू राघवानी को रायपुर नगर निगम में एल्डरमैन पार्षद मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर हर्ष जताते हुए छग पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय तेलीबांधा में मंगलवार को श्री राघवानी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर छग पूज्य सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ने सिंधी समाज से संपूर्ण छत्तीसगढ़ से एल्डरमैन बनाए जाने पर छग शासन एवं भाजपा का आभार व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया। यह जानकारी संस्था के सह प्रवक्ता गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि सम्मान कार्यक्रम में बाबा मुरलीधर उदासी, महेश दरयानी, भरत बजाज, बलराम आहूजा, अजीत मोटवानी, अमर चंदनानी, विनोद संतवाणी, मनीष पंजवानी, बबला होतवानी, गिरीश लहेजा, मनीष आहूजा, झामनदास बजाज आदि उपस्थित थे।

### कुशालपुर रामलीला मैदान बना नशेड़ियों का अड्डा

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुशालपुर के ऐतिहासिक रामलीला (दशहरा) मैदान में इन दिनों असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का जमावड़ा इस कदर बढ़ गया है कि आसपास के नागरिकों का जीना दूभर हो चुका है। इस गंभीर समस्या पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व सदस्य (छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल) एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने पुलिस प्रशासन से तत्काल इस पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। श्री ठाकुर ने बताया कि कुशालपुर का रामलीला मैदान, जो सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र होना चाहिए, वह वर्तमान में नशेड़ियों के संरक्षण स्थल में तब्दील हो चुका है।

# रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए हुआ करियर काउंसलिंग सत्र






हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए कैरियर काउंसलिंग का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष करियर काउंसिलिंग एवं करियर ड्रोम ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप सही करियर चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में एमपावर एडुप्योर रायपुर के अनुभवी करियर काउंसलर साक्षी एवं सुमित ने विद्यार्थियों को कक्षा 10 एवं 12वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों, विषय चयन, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा बदलते रोजगार परिदृश्य की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करने तथा आत्मविश्वास के साथ अपने करियर की दिशा तय करने के लिए प्रेरित किया। सत्र के दौरान विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए काउंसलर्स ने बताया कि सही समय पर सही मार्गदर्शन और उचित विषय चयन ही सफल करियर की मजबूत नींव बनता है। कार्यक्रम पूरी तरह संवादात्मक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने भविष्य से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को समय रहते करियर संबंधी उचित मार्गदर्शन मिलना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य की योजना बनाने में सहायता करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने एमपावर एडुप्योर रायपुर के करियर काउंसलर्स सखी एवं सुमित का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# सशिमं सलडीह में हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**बसना।** सरस्वती शिशु मंदिर सलडीह में बहुत ही शांतिपूर्ण और शालीनता पूर्वक शिशु भारती बाल भारती एवं आचार्य भारती का गठन हुआ। भैया बहनों को उनके रूचि, कार्य कुशलता और सृजनात्मकता कों प्राथमिकता देते हुए दायित्व प्रदान किया गया, जिसमें बाल भारती के अध्यक्ष सृष्टि प्रधान, उपाध्यक्ष दिव्या प्रधान, संस्कृतिक प्रमुख अनन्या सिदार, सहप्रमुख जागृति प्रधान, क्रीड़ा प्रमुख श्रीयांश प्रधान, सहप्रमुख डिगेश्वरी कश्यप, स्वच्छता प्रमुख लतिका तरिया, गुलशन साव, जल प्रमुख अनिषा सिदार, नैना साहू, विद्दूत प्रमुख लोमेश प्रधान, पीयूष साहू, खोया पाया सोनी भोई, लव्य कलेत, प्रार्थना प्रमुख ऊपर तल दिशा भोई, सृष्टि प्रधान, दिव्या प्रधान, रीता साहू, नीचे तल मानसी सिदार, डिगेश्वरी कश्यप, जागृति प्रधान, मीनाक्षी मिश्रा। कक्षा नायकों और उपनायकों अरुण से पूनम यादव, प्रतीक साव, उदय प्रिंसी मांझी, खिलेश भोई, प्रथम आर्निका प्रधान, अरमान मांझी, द्वितीय आइश्री साहू, सचिन विशाल, तृतीय लक्ष्मी बेहरा, नैनिश प्रधान, चतुर्थ आराध्या प्रधान, टिल्य धुबल, पंचम इशिता दास, मिहिर भोई, षष्ट रीता साहू, दीक्षांत प्रधान, सप्तम मानसी सिदार, प्रिंस प्रधान, अष्टम दिशा भोई, प्रियांशु साहू। विद्यालय में सेवा समर्पित आचार्य आचार्या के रूचि कौशल और दक्षता के अनुरूप विभागीय दायित्व प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य रवि किशोर बेहरा अनुशासन एवं प्रशासनिक प्रमुख, प्रभारी प्रधानाचार्य उमेश प्रधान सहायक परीक्षा प्रमुख, तेजराम साव कार्यालय प्रमुख, परीक्षा प्रभारी, ज्योति पाढ़ी- शिशु वाटिका, प्रार्थना सहायक, कुमार कंहेर- यू डाइस एवं छात्रावृत्ति प्रमुख, टेपलाल सिदार जल एवं स्वच्छता प्रमुख, गोकुलानंद चौहान- बौद्धिक, सांस्कृतिक व प्रार्थना प्रमुख, नमिता बरिहा खोया पाया, क्रीड़ा सहायक, प्रिति नर्मदा- बागवानी संस्कृति सहायक, निर्मला भोई -सहायक सांस्कृतिक, जेमा- बुडेक क्रीड़ा प्रभारी, प्रमोद यादव योग प्राणायाम एवं ऑनलाइन प्रमुख शामिल है। सभी प्रमुख प्रभारियों एवं सह प्रभारियों ने अपने दायित्व का पूरी निष्ठा और लगन से निर्वहन करने भारत माता और सरस्वती माता कों साक्षी मान कर सहर्ष शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह प्रधानचार्य रवि किशोर बेहेरा के परिकल्पना, मार्गदर्शन व आचार्य गोकुलानंद चौहान के संचालन में हुआ।



# सरायपाली विधानसभा का प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व और होगा मजबूत

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विभिन्न निगम, आयोग, मंडलों एवं बोर्डों में नियुक्तियों की सूची जारी कर दी गई है। सूची जारी होते ही प्रदेशभर के साथ-साथ सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में भी खुशी का माहौल बन गया है। विशेष रूप से सरायपाली से जुड़े दो वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है तथा उन्हें लगातार शुभकामनाएं दी जा रही हैं। जारी आदेश के अनुसार पूर्व विधायक रामलाल चौहान को छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। रामलाल चौहान लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं तथा अनुसूचित जाति वर्ग के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति को सामाजिक न्याय की दिशा में सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। वहीं, सरायपाली क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र नायक को छत्तीसगढ़ राज्य शाकंभरी बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहे राजेंद्र नायक को यह दायित्व मिलने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में शाकंभरी बोर्ड की योजनाओं को नई गति मिलेगी।





# उखरा में चलाया जा रहा कुष्ठ रोग खोज अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 15 जून से 15 जुलाई 2026 तक सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और भेदभाव मिटाना और नए कुष्ठ मरीजों का प्रारम्भिक चरण में पहचान करना है।

इसी तारतम्य में सीएमएचओ महासमुंद डॉ आई नागेश्वर राव, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ वीपी सिंह, बीएमओ बागबाहरा डॉ बीएस बढ़ई, बीपीएम हेमकुमार सोनकर के मार्गदर्शन में ब्लॉक बागबाहरा के ग्राम पंचायत उखरा में यह अभियान चलाया जा रहा है। ब्लॉक कुष्ठ नोडल एम चौधरी ने कुष्ठ रोग की जानकारी देते हुए बताया कि कुष्ठ रोग पूर्व जन्म का पाप, देवी प्रकोप या बुरे कर्मों का फल नहीं है, बल्कि जीवाणु से होने वाला एक साधारण रोग है। यह रोग त्वचा एवं तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है तथा उपचार से पूर्णतया ठीक हो जाता है जैसे अन्य बीमारियां ठीक हो जाती हैं। यदि इस रोग का उपचार शीघ्र प्रथम लक्षण दिखते ही शुरू कर दिया जाए तो अक्षमता और विकृति से भी बचाव हो सकता है। उपचार शुरू होते ही प्रभावित व्यक्ति अन्य स्वस्थ व्यक्तियों में बीमारी नहीं फैला सकता।

कुष्ठ रोग की दवा बहुऔषधि उपचार (एमडीटी) सभी सरकारी अस्पताल एवं उप-स्वास्थ्य केंद्र में मुफ्त मिलती है। कुष्ठ रोग का संदेह कब करें? इस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए कोमाखान सेक्टर कुष्ठ नोडल डिगेंद्र परमार ने बताया कि जब त्वचा पर, त्वचा के रंग से हल्के-फीके, बदरंग लालिमा लिए हुए दाग हों। इन दागों में सुन्नपन हों। इन दागों में खुजली नहीं होती। चेहरे पर तामिया-तेलिया चमक एवं छोटी-छोटी गठाने हों। हाथ-पैर में लगातार झुनझुनी या सुन्नपन हो। हाथ-पैर में कोई विकृति हो। त्वचा पर दूधिया सफेद दाग कुष्ठ रोग नहीं है। कुष्ठ रोग आती-जाती रहने वाली बीमारी नहीं है। कुष्ठ रोग की शंका होने पर शंकास्पद व्यक्ति को तुरंत पास के अस्पताल में जांच कराने हेतु भेजें। कुष्ठ रोग खोज अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीम घर घर भ्रमण कर सभी व्यक्तियों का जांच कर रही है और शंकास्पद मरीजों का सत्यापन सेक्टर कुष्ठ नोडल द्वारा किया जा रहा है।

अभियान में सेक्टर पर्यवेक्षक नरेश कुमार साहू, सोनिका दास, आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिंद्रावन की प्रभारी दीना दीवान, सेक्टर कोमाखान से सीएचओ धनेश्वरी ध्रुव, आरएचओ पूरन ध्रुव, पदमन साव, डिलेश्वरी परमार, कुमारी साहू, टेशकुमारी दीवान, परमेश्वरी साहू एवं ग्राम उखरा की मितानिन सम्मिलित रहे। सर्वे अभियान में सरपंच एवं उनकी टीम का भरपुर सहयोग मिला। स्थानीय सरपंच प्रीतम चौधरी, पूर्व सरपंच नवनीत नाग, पंच रोहित पांडे, सचिव सागर पांडे, मितानिन शकुंतला एवं सावित्री का सहयोग मिला।

# जिले के किसानों के बीच उन्नत गुणवत्ता वाले दलहन एवं तिलहन बीजों का वितरण तथा वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद द्वारा आत्मनिर्भर दलहन मिशन योजना अंतर्गत खरीफ 2026 में जिले के किसानों के बीच उन्नत गुणवत्ता वाले दलहन एवं तिलहन बीजों का वितरण तथा वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादकता में वृद्धि करना, धान आधारित फसल प्रणाली में विविधीकरण को बढ़ावा देना, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है।

कार्यक्रम के अंतर्गत 50 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए अरहर, 25 हेक्टेयर के लिए उड़द तथा 20 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए मूंगफली की उन्नत किस्मों का वितरण किया गया। सराईपाली विकासखंड के ग्राम सालडीह, देवाभाठा, खिसड़ी एवं मानकी में किसानों को सीजी अरहर-2 तथा ग्राम राजाडीह में आईपीयू-13-1 उड़द के प्रमाणित बीज वितरित किए गए। वहीं बसना विकासखंड के ग्राम मिलाराबाद सहित महासमुंद विकासखंड के चयनित गांवों में भी किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराकर तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को वैज्ञानिक खेती की नवीनतम तकनीकों, गुणवत्तापूर्ण बीज, जैव उर्वरकों, संतुलित पोषण, मृदा परीक्षण, जल संरक्षण, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा मौसम आधारित कृषि सलाह की जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बीजोपचार, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, जैव उर्वरकों के उपयोग, जल संरक्षण तथा समेकित कीट प्रबंधन (आईपीएम) अपनाने पर बल दिया।

विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि सस्य विज्ञान) डॉ. मुकेश कुमार पांडेय ने कहा कि महासमुंद जिले की कृषि मुख्यतः धान आधारित होने से मिट्टी में नाइट्रोजन एवं जैविक कार्बन की मात्रा लगातार घट रही है। उन्होंने किसानों से धान के साथ दलहनी फसलों को अपनाने की अपील करते हुए बताया कि दलहनी फसलों की जड़ों में उपस्थित राइजोबियम जीवाणु वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण कर भूमि की उर्वरता बढ़ाते हैं। उन्होंने बुवाई से पूर्व ट्राइकोडर्मा, राइजोबियम एवं पीएसबी से बीजोपचार करने की सलाह दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) डॉ. कुनाल चंद्राकर ने मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रबंधन अपनाने पर जोर देते हुए संतुलित पोषण, सल्फर, जिंक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व की जानकारी दी। वहीं डॉ. समस्थ बघेल ने प्रमाणित एवं उन्नत बीजों के उपयोग को अधिक उत्पादन का आधार बताया। डॉ. शिल्पा लाकड़ा ने किसानों को एफपीओ एवं कृषि विभाग की योजनाओं से जुड़ने तथा नियमित प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रविश केशरी ने वर्षा जल संरक्षण, खेत में नमी संरक्षण एवं जल निकास व्यवस्था पर किसानों को तकनीकी जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बताया कि अरहर, उड़द एवं मूंगफली जैसी फसलें जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों में भी बेहतर विकल्प हैं। इनकी खेती से फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलता है, मिट्टी की उर्वरता में सुधार होता है तथा किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलता है।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों से धान आधारित एकल खेती के स्थान पर दलहन एवं तिलहन आधारित फसल प्रणाली अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे उत्पादन लागत में कमी आएगी, मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर होगा, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों की आय में स्थायी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में शामिल किसानों ने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा उपलब्ध कराए गए उन्नत बीज, वैज्ञानिक प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इन तकनीकों को अपनाकर वे अधिक उत्पादन एवं बेहतर आय प्राप्त कर सकेंगे। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आगामी खरीफ एवं रबी मौसम में भी जिले के विभिन्न गांवों में वैज्ञानिक प्रशिक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, फसल निरीक्षण एवं तकनीकी परामर्श कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने कलेक्टर ने ली पशुधन विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**महासमुंद।** जिले में दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में पशुधन विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, उप संचालक पशुधन विकास विभाग, जिले के सभी पशु चिकित्सक, मैदानी अमला, दुग्ध महासंघ के सुपरवाइजर तथा सभी पशु सखियां उपस्थित रहीं।बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि महासमुंद जिले में दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी पशु चिकित्सकों को निर्देशित किया कि वे पशुपालकों तक नियमित रूप से पहुंचकर पशु प्रबंधन, पशु स्वास्थ्य संरक्षण, नस्ल सुधार एवं संतुलित पशु पोषण संबंधी वैज्ञानिक एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। कलेक्टर ने देशी गायों में सेक्स सॉर्टेड सीमेन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। इससे उन्नत नस्ल की अधिक संख्या में बछियों का जन्म होगा, जो भविष्य में अधिक दुग्ध उत्पादन देने वाली गायों के रूप में तैयार होंगी। बैठक में पशु सखियों को जिम्मेदारी देते हुए निर्देशित किया गया कि वे राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों से लगे गांवों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएं। पशुपालकों को समझाएं कि वे अपने मवेशियों को खुला छोड़ने के बजाय घरों या सुरक्षित स्थानों पर बांधकर रखें। सड़क पर छोड़े गए पशुओं से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है। ऐसे मामलों में यदि पशु पकड़े जाते हैं तो संबंधित पशुपालकों से नियमानुसार दंडात्मक राशि वसूल की जाएगी।मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत नंदनवार ने कहा कि जिले में दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए सुनियोजित कार्ययोजना के साथ समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने पशुधन विकास विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों, दुग्ध महासंघ के सुपरवाइजर, मार्ग पर्यवेक्षकों तथा पशु सखियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए अधिकाधिक पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन से जोड़ने और वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। बैठक में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, पशुधन की उत्पादकता में सुधार तथा पशुपालकों की आय को सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना के साथ प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



### छग सहित देशभर में एनएसयूआई के संगठनात्मक चुनाव की घोषणा

**रायपुर।** एनएसयूआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने संगठनात्मक चुनावों का ऐलान कर दिया है। अब छत्तीसगढ़ सहित देश के सभी राज्यों में नई कार्यकारिणी का गठन होगा।पार्टी ने हर सरकारी और निजी कॉलेज, विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान तक पहुंचने का रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत एनएसयूआई देशभर में संगठनात्मक चुनाव कराएगी।जो उम्मीदवार कॉलेज या विश्वविद्यालय स्तर का चुनाव जीतेगा, वही एनएसयूआई का आधिकारिक प्रतिनिधि बनेगा। आगे चलकर इन्हीं प्रतिनिधियों में से प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों का भी चयन किया जाएगा। राज्यों के लिए मतदान की सटीक तारीखें चरणबद्ध तरीके से जारी की जाएंगी। प्रारंभिक सदस्यता अभियान के बाद, प्रत्येक राज्य में मुख्य चुनाव प्राधिकरण (सीईए) द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। एनएसयूआई ने संगठनात्मक चुनाव के लिए तीन मुख्य सिद्धांत तय किए हैं। पहला, चुनाव सभी छात्रों के लिए खुले होंगे। दूसरा, सदस्यता और चुनाव प्रक्रिया सभी के लिए आसान और सुलभ होगी। तीसरा, चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रखी जाएगी।

# संविदा विद्युत कर्मचारियों का आंदोलन समाप्त, डॉ. रमन से चर्चा के बाद लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ पिछले 16 दिनों से चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन मंगलवार को समाप्त हो गया। संघ के प्रतिनिधि मंडल की छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पॉवर कंपनी प्रबंधन के साथ हुई चर्चा के बाद सकारात्मक आश्वासन मिलने से संघ ने अपना आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया।

छत्तीसगढ़ विद्यूत संविदा कर्मचारी संघ के आव्हान पर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी विभाग में समायोजन कर नियमितीकरण करने की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश व्यापी अनिश्चितकालीन आंदोलन कर शासन का ध्यान अपने लंबित मांगों की ओर आकर्षित कराया।

मंगलवार को छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष हरी चरण साहू ,प्रदेश महामंत्री कमलेश भारद्वाज, संयुक्त महामंत्री योगेश साहू सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने विद्युत संविदा कर्मचारियों की एक सूत्री मांग को प्रमुखता से रखा। विधान सभा अध्यक्ष ने संघ के प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर शासन एवं कंपनी प्रबंधन स्तर पर प्राथमिकता से विचार कर जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

धरातल पर आम जनता को नहीं मिला लाभ

# वार्ड एक्शन प्लान पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा- फाइलें धूल खा रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने नगर निगम की विशेष सामान्य सभा में 70 वार्डों की अलग-अलग योजनाएं बनाने के वार्ड एक्शन प्लान पर कहा, चयनित आर्किटेक्ट द्वारा बनाई गई वह फाइलें अधिकारियों के कमरों में धूल खा रही हैं। उनका फाइलों का क्या होगा, वह बातें भूल गए। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सदन में बताया कि उन आर्किटेक्ट को आज तक पैसा नहीं मिल पाया, जो 70 वार्डों के विकाश के प्लान बनाने में शामिल थे। इसीलिए वार्ड विकास के खोखले दावे हैं, जो केवल लोकलुभावने साबित हुए, इसमें शहरी सरकार फेल रही। श्री तिवारी ने कहा कि पूर्व की सामान्य सभा में में प्रश्नकाल के दौरान बारिश के समय होने वाले जल भराव की क्या तैयारी क्या है, इस पर प्रश्न किया? सदन में उनको लिखित जवाब मिला था पर ये जवाब खोखला साबित हुआ। उस उत्तर की कापी को नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने सदन में फाड़ कर शहरी सरकार के दावों को खोखला कहा।

# वर्गफीट आधारित पंजीकरण शुल्क व्यवस्था को समाप्त करने चैंबर ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर छत्तीसगढ़ नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम, 2025 में लागू वर्गफीट आधारित पंजीकरण शुल्क व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इसके स्थान पर न्यायसंगत लाइसेंसवार फ्लैट शुल्क प्रणाली लागू करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

चैबर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि सरकार द्वारा 43 प्रमुख व्यवसायों को ट्रेड लाइसेंस की अनिवार्यता से मुक्त करने का निर्णय स्वागत योग्य है और इससे प्रक्रियागत सरलीकरण को बढ़ावा मिलेगा। लेकिन नियम-18 के तहत लागू वर्गफीट आधारित वार्षिक पंजीकरण शुल्क व्यापारियों के लिए राहत नहीं, बल्कि अतिरिक्त आर्थिक बोझ बनकर सामने आया है। नगर निगम क्षेत्रों में 6 रुपए प्रति वर्गफीट की दर से अधिकतम 30 हजार तक वार्षिक शुल्क निर्धारित किए जाने से विशेष रूप से छोटे और मध्यम व्यापारी प्रभावित होंगे।

चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को केवल उठाना ही नहीं, बल्कि उनका व्यावहारिक समाधान सरकार तक पहुँचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ प्रदेशभर से प्राप्त सुझावों और व्यापारियों की चिंताओं का अध्ययन कर यह मांगपत्र तैयार किया गया है। चैंबर का उद्देश्य किसी निर्णय का विरोध करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराना है जिससे व्यापार सरल हो और व्यापारियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि वर्गफीट आधारित शुल्क व्यवस्था से दुकानों की नाप-जोख के नाम पर निरीक्षण, विवाद और भ्रष्टाचार की आशंका बढ़ेगी। इसलिए वर्गफुट आधारित शुल्क समाप्त कर सभी व्यापारियों के लिए लाइसेंसवार फ्लैट शुल्क लागू किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, चैंबर संरक्षक एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, वाइस चेयरमैन चेतन तारवानी, सलाहकार-अमर गिदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष राजेश पोपटानी, मनीष प्रजापति, जितेंद्र शादीजा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि योजना अंतर्गत प्रवेश परीक्षा का आयोजन 05 जुलाई को किया गया। परीक्षा का परिणाम कार्यालय आदिवासी विकास विभाग महासमुंद के सूचना पटल एवं जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं।

### बोल बम समिति सिरपुर की बैठक 12 को

**महासमुंद।** बोल बम समिति सिरपुर की आवश्यक बैठक 12 जुलाई रविवार को सिरपुर स्थित यज्ञ शाला में दोपहर 2 बजे रखी गई है। बैठक में कांवर यात्रा के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा। इस बार 30 जुलाई से सावन महीना लग रहा है और इस बार चार सावन सोमवार होंगे। सिरपुर स्थित गंधेश्वर महादेव में जलाभिषेक के लिए बम्हनी श्वेत गंगा कुंड से कांवरिए शनिवार को जल लेकर निकलते हैं। बोल बम समिति के अध्यक्ष थनवार यादव, सुंदर साहू, दीपक सोनी ने सिरपुर, जलकी, महासमुंद के समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### कबीर विद्यापीठ खोलने की मांग मुख्यमंत्री से, लिखा पत्र

**कोमाखान।** जिला अंतर्गत 5 ब्लॉकों में से किसी एक ब्लॉक अथवा जिला मुख्यालय में कबीर विद्यापीठ खोले जाने की मांग आश्रम संचालक विमल दास महंत ने की है। महंत ने अपनी विज्ञप्ति में बताया कि उन्होंने विद्यापीठ खोलने की मांग मुख्यमंत्री (छग शासन) विष्णुदेव साय के अलावा प्रतिपक्ष नेता डॉ चरण दास महंत को एक पत्र प्रेषित कर की है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त विद्यापीठ में सद्गुरु कबीर दास द्वारा रचित ग्रंथ, बीजक, अनुराग सागर, बोध--सागर एवं कमाल बोध का नियमित अध्ययन कराया जा सके। उन्होंने मुख्यमंत्री से ग्राम बुंदेली में विद्यापीठ खोलने की मांग की है।

**आयोजन:** स्वास्थ्य शिविर, फल वितरण और प्रोफेशनल एक्सीलेंसी अवार्ड के साथ डॉक्टरों ने सरकार के सामने रखीं अपनी मांगें

# आईएमए महासमुंद ब्रांच ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस, वरिष्ठ डॉक्टरों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस सेवा भाव जिले में मनाया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) महासमुंद द्वारा इस अवसर पर दो दिवसीय विभिन्न सामाजिक एवं सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. एचबी कालिकोटी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सा दिवस के उपलक्ष्य में जनहित को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं।

### सेहत जांच शिविर आयोजित

डॉ. कालिकोटी ने बताया कि डॉक्टर्स डे से एक दिन पूर्व एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से महिलाओं में होने वाली हड्डियों की समस्याओं की पहचान के लिए 'बोन डेंसिटोमेट्री' जांच की गई। जांच के बाद पीड़ित महिलाओं व मरीजों को आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाइयां और परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सा दिवस के अवसर पर आईएमए के सदस्यों द्वारा वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों को भोजन कराया गया और फल वितरित किए गए। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को भी फल बांटे गए। शाम को आयोजित आईएमए के मुख्य कार्यक्रम में शहर के उन वरिष्ठ डॉक्टरों का शॉल व फल से सम्मान किया गया। इनमें डॉ. एमवाय मेमन, डॉ. घनश्याम चंद्राकर, डॉ. गिरधारी चंद्राकर, डॉ. एनके मंडपे, डॉ. अल्का परदल, डॉ. एचएस गुरुदत्ता और डॉ. गुरुदत्ता मैडम शामिल रहे।



### एक नई परंपरा की शुरुआत

आईएमए ने इस वर्ष से एक नई और सराहनीय परंपरा की शुरुआत की है। इसके तहत शहर में नई प्रैक्टिस शुरू करने वाले उन युवा डॉक्टरों को सम्मानित किया जाएगा, जो पूरी ईमानदारी, लगन और एथिकल (नैतिक) प्रैक्टिस के साथ मरीजों की सेवा कर रहे हैं। इस वर्ष इस गरिमामयी 'प्रोफेशनल एक्सीलेंसी अवार्ड से डॉ. हरजोत सिंह गुरुदत्ता को नवाजा गया।

### अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया सालभर का रिपोर्ट कार्ड

कार्यक्रम के दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. एचवी कालिकोटी ने संस्था का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड पढ़ा। उन्होंने बीते एक वर्ष में आईएमए महासमुंद ब्रांच द्वारा की गई विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और चिकित्सीय गतिविधियों से वहां उपस्थित सभी डॉक्टरों को अवगत कराया।

### डॉक्टरों की सुरक्षा और नर्सिंग होम एक्ट को लेकर सरकार से मांग

इस विशेष अवसर पर डॉ. कालिकोटी ने डॉक्टरों के सामने आ रही गंभीर समस्याओं को रेखांकित करते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने आईएमए की तरफ से दो प्रमुख मांगें रखीं। इसमें अस्पतालों को सेफ व साइलेंस जोन घोषित किया जाए, डॉक्टरों की सुरक्षा सबसे अहम है। अस्पतालों में डॉक्टरों को डराने-धमकाने और बेवजह की नेतागिरी पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। सरकार ऐसा सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करें। ताकि, डॉक्टर बिना किसी डर के, निडर होकर मरीजों का इलाज कर सकें। वर्तमान में नर्सिंग होम एक्ट के तहत छोटी-छोटी तकनीकी चीजों के लिए डॉक्टरों को मानसिक रूप से परेशान किया जाता है। आईएमए की मांग है कि हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन एक्ट के नियमों को सरल और व्यावहारिक बनाया जाए। ताकि, स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा न आए। कार्यक्रम के अंत में आईएमए महासमुंद इकाई ने सभी उपस्थित डॉक्टरों, सहयोगियों और मीडिया जगत का आभार व्यक्त किया।

# राहुल गांधी के अभियान को आगे बढ़ाते हुए खल्लारी विधायक ने छात्रों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, पेपर लीक की घटनाओं तथा विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक और आर्थिक दबाव जैसे मुद्दों को लेकर राहुल गांधी ने राजस्थान के कोटा में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना था।

इसी कड़ी में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बागबाहरा में प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों एवं शिक्षकों से चर्चा की। विधायक यादव ने बताया कि कोटा में आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने छात्रों से नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली अनियमितताओं, पेपर लीक की घटनाओं तथा परीक्षा प्रणाली से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर राय ली थी। विद्यार्थियों और अभिभावकों ने कोचिंग की बढ़ती फीस, शिक्षा ऋण के बोझ और प्रतियोगी परीक्षाओं के दबाव से जुड़ी समस्याओं को उनके सामने रखा था। राहुल गांधी ने कहा था कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था छात्रों पर अत्यधिक मानसिक और आर्थिक दबाव डाल रही है तथा इसमें सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई करने और युवाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया था। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बागबाहरा में विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों की तैयारियों, परीक्षा से जुड़ी चुनौतियों, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, मानसिक दबाव तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने भी महंगी कोचिंग व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं की कठिन प्रतिस्पर्धा और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता जैसे विषयों पर अपनी बात रखी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक यादव ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित और मजबूत शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बेहतर अवसर और निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली मिलना उनका अधिकार है। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राहुल गांधी ने कोटा में विद्यार्थियों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना है, उसी भावना के साथ कांग्रेस पार्टी युवाओं और छात्रों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती रहेगी तथा उनके हितों की आवाज बनकर काम करेगी।



बागबाहरा में प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों से की चर्चा

### अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त से की मुलाकात

**सरायपाली।** नई दिल्ली में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रतिनिधि मंडल ने जनगणना भवन में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली से मुलाकात कर यादवों की सभी उपजातियों में कालम कर जाति जनगणना करने की मांग की। सत्य प्रकाश सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आनंद प्रकाश मुख्य महासचिव, गोरेलाल यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रणवीर सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, दिनेश यादव राष्ट्रीय महासचिव प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। जाति जनगणना 2027 में आपके घर आने वाले प्रगणक को जाति के कालम में यादव ही दर्ज करवाना है चाहे राज्यों में प्रचलित उपजातियां कुछ भी हो। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के समस्त पदाधिकारियों व सम्मानित कार्यकर्ताओं के समक्ष यह चुनौती पूर्ण अभियान है। हमें विश्वास है कि जिस उत्साह से हमने रेजांगला कलश यात्रा अहीर रेजिमेंट की मांग पर पोस्टकार्ड अभियान व जिला स्तर पर प्रदर्शन जैसे विशाल कार्यक्रम आयोजित किए। अब उससे भी अधिक मेहनत से यहां जन जागरण अभियान गांव-गांव तक पहुंचाना है और देश के प्रत्येक यादवों को इस महत्वाकांक्षी अभियान से जोड़कर जाति जनगणना में सिर्फ यादव जाति ही रिकॉर्ड में दर्ज करवा कर भारत की सर्वाधिक जनसंख्या का गौरव प्राप्त करना है। इंजीनियर एसडी यादव राष्ट्रीय सचिव, भुनेश्वर यादव प्रदेश अध्यक्ष व वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव, गणेशराम यादव प्रदेश सचिव, विनोद यादव महासमुंद जिला अध्यक्ष, डॉक्टर पवन कुमार यादव कार्यकारी जिला अध्यक्ष, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, तुषार यादव, मयंक यादव मोंटी, ईशान यादव, कोमल यादव, अंबर यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य के सभी वर्ग के सामाजिकजनों से अपील की है कि जब भी जनगणना करने के लिए आपके घर कर्मचारी घर आएंगे और आपसे जाति पूछेंगे तो अपनी जाति में सिर्फ और सिर्फ यादव ही लिखवाएंगे। उक्त अपील समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश व जिला के पदाधिकारियों ने की है।



# शेर में जन चौपाल लगाकर विधायक ने सुनी समस्याएं, ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम शेर में विधायक योगेश्वर राजू सिंहा की जनचौपाल बुधवार को लगी, जहां उन्होनें आमजनों से सीधा संवाद किया।

ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषय विधायक के समक्ष रखे। विधायक ने सभी की बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आत्मीय स्वागत किया। बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा प्रतिदिन विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में आमजन से भेंट मुलाकात करने पहुंच रहे हैं। गांव में जन चौपाल लगाकर वें उनसे सीधा संवाद करते हैं। साथ ही उनकी मांग एवं समस्याओं को सुनकर उचित निराकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं गांव के जनप्रतिनिधियों को दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ग्राम शेर पहुंचे और जन चौपाल लगाकर आमजनों की समस्या सुनी। साथ ही केंद्र एवं राज्य की लोककल्याणकारी योजनाओं के संबंध में भी ग्रामीणों को जानकारी दी। गांव के किसान भाईयों से खरीफ फसल के संबंध में भी चर्चा की। साथ ही उन्होंने नवविवाहित जोड़े को उपहार प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इसके अलावा नवजात शिशुओं के लिए शिशु किट प्रदान किया।



### यह रहे उपस्थित

ग्रामीण मंडल महामंत्री साजन यादव, माखन सिन्हा, मंडल मंत्री प्रेम साहू, मेघराज चंद्रसेन, ग्रामीण मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष चुनेश्वरी साहू, भाजपा नेतागण तुलाराम साहू, शरद मराठा, रामेश्वर पटवा, सरपंच अनिता हरेंद्र साहू, जनपद सदस्य नीता तुलाराम साहू, उप सरपंच भारती साहू, सोसायटी अध्यक्ष हरेंद्र साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, हेमू दीवान, ओंकार प्रसाद साहू, बलराम साहू, लकेश्वर पटेल, संतोषी साहू, किरण ध्रुव, लक्ष्मी निषाद, देवला बाई, अनिता साहू, शिव साहू, विजय साहू, कुशल साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के बेसिक कमिश्नर्स कोर्स में 10 प्रतिभागी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा अध्यक्ष एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशन में बेसिक कमिश्नर्स कोर्स का आयोजन 10 से 14 जुलाई तक कुर्सियांग, दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण स्काउटिंग एवं गाइडिंग के जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत कमिश्नर एवं एडल्ट लीडर्स के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य अधिकारियों को प्रभावी नेतृत्व, प्रबंधन कौशल, संगठन संचालन तथा स्काउटिंग के सिद्धांतों एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने के लिए दक्ष बनाना है। बेसिक कमिश्नर्स कोर्स प्रत्येक वारंट प्राप्त कमिश्नर के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण है। प्रशिक्षण में राज्यभर से प्रशिक्षक मंडल सहित कुल 43 प्रतिभागी भाग लेंगे। महासमुंद जिले से कुल 10 प्रतिभागियों का चयन हुआ है, जिनमें आनंद साहू, नंदकिशोर सिन्हा, प्रमोद कन्नौजे, अंजलि बरमाल, विद्या साहू, भारत सिंह साहू, शीत गुप्ता, बद्री विशाल जोल्हे, हिना ढालेन एवं लक्ष्मीकांत सोनी शामिल हैं। प्रशिक्षण में सहभागिता के लिए चयन पर जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला मुख्य आयुक्त चंद्रहास चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन, मुख्यालय आयुक्त रामकुमार साहू, जिला प्रशिक्षण आयुक्त संतोष कुमार साहू, प्राचार्य तुलेंद्र सागर, जिला संगठन आयुक्त लीनू चंद्राकर तथा शत्रुघ्न साहू ने हर्ष जताते हुए हुए प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव एवं ज्ञान का लाभ जिले में स्काउट-गाइड गतिविधियों के सुदृढ़ संचालन में देने की अपेक्षा व्यक्त की।



# अयोध्या नगर क्षेत्र के जलभराव की समस्या का होगा स्थाई समाधान, नपाध्यक्ष निखिल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर के वार्ड क्रमांक 03 एवं 04 अयोध्या नगर में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका के उप अभियंता हेमंत पिसदा भी उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष साहू ने वार्ड के विभिन्न स्थानों पर स्थित नालों की वर्तमान स्थिति, जल निकासी की क्षमता तथा बरसात के समय उत्पन्न होने वाली समस्याओं का बारीकी से अवलोकन किया। जल निकासी व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि जलभराव के कारणों की पहचान कर तकनीकी रूप से ठोस योजना बनाई जाए, जिससे इस समस्या का स्थायी समाधान निकल सके। उन्होंने कहा कि आमजन को बारिश के दिनों में जलभराव के कारण आवागमन और जनजीवन में जो असुविधा होती है उसे दूर करना नगर पालिका की प्राथमिकता है। इसके लिए त्वरित एवं प्रभावी कदम उठाते हुए नालों की सफाई, चौड़ीकरण तथा जल निकासी के वैकल्पिक मार्गों पर भी कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व भी नपाध्यक्ष ने बरसते पानी में नगर के विभिन्न जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए थे। अब अयोध्या नगर के इन दोनों वार्डों में स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कर वार्डवासियों को राहत प्रदान की जाए।



**न्यायालय नजूल अधिकारी**
**महासमुंद जिला महासमुंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक 23 क/नजूल पट्टा नवीनीकरण/2026
महासमुन्द दिनांक 03/07/2026

आवेदक धीरज पिता कांतिलाल जैन निवासी ग्राम महासमुन्द प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद द्वारा ग्राम महासमुंद में स्थित नजूल पट्टे की भूमि ख.नं. 1224 प्लाट नं. 14 रकबा 3814 वर्गफीट भूमि अतिरिक्त कलेक्टर रायपुर का राजस्व मामला क्रमांक 128/30 वर्ष 1958-59 आदेश दिनांक 09.07.1959 को जारी किया गया है। जिसका अपर कलेक्टर महासमुन्द का मा.क्र. 1 अ-20 (1) वर्ष 2009-10 आदेश दिनांक 01.07.1989 से 30.06.2019 तक की अवधि के लिए नवीनीकरण किया गया है। उक्त नजूल पट्टा को क्रेता कांति लाल पिता नेमीचंद जैन द्वारा पट्टाधारी रामगोपाल पिता गंगाप्रसाद अग्रवाल से पंजीकृत विक्रय पत्रक के आधार पर क्रय किये जाने से कांतिलाल पिता नेमीचंद जैन के नाम पर दर्ज रहा है। कांतिलाल की मृत्यु पश्चात उनके विधिक वारिसान आवेदक धीरज पिता कांतिलाल जैन के नाम पर पट्टा दर्ज हुआ है। जिसका नवीनीकरण 30.06.2019 के पश्चात से 30 वर्ष की अवधि के लिए किया जाना है जिसके संबंध में आवेदक द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा ग्राम महारामुन्द प.ह.नं.42 तहसील व जिला महासमुन्द में स्थित नजूल पट्टे की भूमि के नवीनीकरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति/दावा दिनांक 24/07/2026 तक न्यायालयीन में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा । आज दिनांक 03/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ स्थानीय समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन हेतु जारी किया गया ।

मुहर

नजूल अधिकारी
महासमुंद



# हरिभूमि INH जिला संवाद 2026
## स्वागत और सम्मान के पल...


विधायक डॉ विमल चोपड़ा का स्वागत करते झलप के संवाददाता शम्मी सलूजा


विधायक संपत अग्रवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए आईएनएच हरिभूमि के बिजनेस हेड संजय बनवासी


राज्य आयुक्त स्काउट गाइड इंद्रजीत सिंह गोल्डी का स्वागत करते तेंदुकोण के संवाददाता अनिल सोनी


नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू का स्वागत करते बसना संवाददाता ऋषिकेसन दास


भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू का स्वागत करते आईएनएच के पीसीआर हेड सोनू कुमार


पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव विनोद चंद्राकर का स्वागत करते बोरगांव संवाददाता वीरेंद्र तांडी


पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा का स्वागत करते प्रसार प्रभारी तोरण लाल साहू


प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला का स्वागत करते ऋषिकेशनशन दास


इंद्रजीत सिंह गोल्डी का स्वागत करते हरिभूमि टीम से श्रीमती कामिनी स्वामी


खलारी विधायक एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव का स्वागत करते भौर गांव के संवाददाता वीरेंद्र तांडी


कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर का स्वागत करते सुमित महोबिया


विधायक डॉक्टर संपत अग्रवाल एवं पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर का स्वागत करते आईएनएच संवाददाता मनहरण सोनवानी एवं तेंदुकोना संवाददाता अनिल सोनी

# रोजगार लेने वाले ही नहीं, रोजगार देने वाले भी बनें युवा : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

रोजगार मेला (जॉब फेयर 2026) में

- 14 वर्षों में 6000 से अधिक युवाओं को मिला रोजगार




जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं से संवाद करते हुए उन्हें कौशल विकास, रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रकाश सिन्हा ने कहा कि अपने आसपास, समाज और परिवार में देखने पर कई ऐसे युवा मिलेंगे, जो पढ़े-लिखे होने के बावजूद घर पर बैठे हैं, जबकि कई कम पढ़े-लिखे लोग अपने हुनर, मेहनत और व्यवसाय के बल पर सफल एवं आत्मनिर्भर हैं। आज आवश्यकता केवल रोजगार खोजने की नहीं, बल्कि रोजगार के प्रति अपनी सोच बदलने की भी है। बेस्ट कंप्यूटर एजुकेशन क्षेत्र के युवाओं के लिए इसी मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। प्रकाश ने कहा कि युवाओं को केवल नौकरी पाने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला भी बनना चाहिए। केंद्र एवं राज्य सरकार की अनेक योजनाओं के माध्यम से युवा स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी नवीन साव, देशराज दास, शुकदेव वैष्णव, बेस्ट कंप्यूटर एजुकेशन से बसंत अग्रवाल, नितेश प्रधान, नीलांबर डड़सेना, राकेश बारीक सहित बड़ी संख्या में युवा एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# राज्य स्तरीय कराते आत्मरक्षा प्रशिक्षण में सेजेस तुमगांव के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**महासमुंद।** शहर के अंबेडकर भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कराते आत्मरक्षा प्रशिक्षण में पीएमश्री सेजेस तुमगांव के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। प्राचार्य केआर साहू ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों के इस सफल प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है बल्कि जिले की खेल प्रतिभा को भी नई पहचान दी है। खेल शिक्षक कामता प्रसाद साहू और डोलेश होता के मार्गदर्शन एवं अथक प्रयासों से छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया। दोनों शिक्षकों ने छात्रों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया और प्रतियोगिता की तैयारी में पूर्ण सहयोग दिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावक व स्थानीय खेल प्रेमी सभी गर्व महसूस कर रहे हैं। पीएम सेजेस तुमगांव कराते टीम की इस जीत को जिले के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक-कर्मचारीगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिनमें अश्विनी धीवर, तिलक शर्मा, रेवती रमन तारक, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, रोहित लहरे, देवेश कुमार, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, गीतिका कौशिक, गीता पटेल, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, नवीन कुमार दास, तरुण कुमार सिन्हा, लोकेश साहू, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकरा, प्रियंका बरिहा, सोनाली साहू, रेणुका साहू, लिली मजखंड, नलिनी ध्रुव, प्रगति साहू सहित अन्य सम्मिलित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी
शनिवार, दिनांक : 11 जुलाई 2026

| रायगढ़ | सारंगढ़ | सरायपाली |
|---|---|---|
| फोर्टिज ओ.पी. जिंदल हॉस्पिटल सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक | श्री राधाकृष्ण हॉस्पिटल, रानीसागर दोपहर 3.00 बजे से 4:30 बजे तक | शुभ नर्सिंग होम, झिलमिल सायं 4:30 बजे से 5:30 बजे तक |

कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं

डॉ. दिपांजन बिस्वास
सलाहकार, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, (बालको मेडिकल सेंटर)
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी),
एम.सी.एच. (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी)

क्या इनमें से कोई भी लक्षण आपको चिंतित कर रहे हैं?
- स्तन में गाँठ
- असामान्य गाँठ या उभार
- मुँह में बदलाव या आवाज में भारीपन
- निगलने में कठिनाई
- लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
- ठीक न होने वाले छाले/घाव
- बार-बार बुखार या संक्रमण
- पेट में दर्द या जी मचलना
- पेट फूलना • खून की कमी
- त्वचा (स्किन) में बदलाव
- वजन में बिना करण कमी
- मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
- मासिक धर्म चक्र में बदलाव या
- पेट के निचले हिस्से में दर्द

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319, 9098118682
8282824444
balcomedicalcentre.com
ATUL